जनपद – संतकबीरनगर ***प्रेस विज्ञप्ति*** ***दिनॉक 09.11.2023***

आज दिनांक 09.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1484 द्वारा रेलवे ट्रैक पर गिरकर घायल हुए व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 2545 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत खलीलाबाद से इवेन्ट संख्या 01398 से कालर द्वारा 01 व्यक्ति (**रामनिवासी यादव पुत्र भागीरथी निवासी नकहा थाना कोतवाली खलीलाबाद** जनपद संतकबीरनगर) के रेलवे ट्रैक पर गिरकर घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर गिरे हुए व्यक्ति को एंबुलेंश की सहायता से सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में उसके परिजनों को सूचित करते हुए थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ –मु0आ0 जयगोपाल यादव, म0मु0आ0 सुनैना तिवारी, म0आ0 प्रिया राय, हो0चा0 रवीन्द्र यादव।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 207 वाहनों से 2,08,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया

आज दिनांक 09.11.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 207 वाहनों से 2,08,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।